सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 13 चैत्र, 1940 (श0) / 03 अप्रील, 2018 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 92**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | .. | 53 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग | .. | 04 |
| (3) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | 13 |
| (4) | समाज कल्याण विभाग | .. | 05 |
| (5) | पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | 04 |
| (6) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | 04 |
| (7) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | 03 |
| (8) | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग | .. | 01 |
| (9) | परिवहन विभाग | .. | 04 |
| (10) | पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 92 |

बस का परिचालन

*2568. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला से चकाई होते हुये देवघर बाबा नगरी तक राज्य ट्रान्सपोर्ट की बसों की सुविधा नहीं रहने के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जमुई से देवघर भाया चकाई होते हुये राज्य परिवहन की बस सेवा कबतक चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उच्च विद्यालय बनाना

*2569. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड के परसा दक्षिण पंचायत के रतनसारा में 110 वर्ष पुराना उत्क्रमित मध्य विद्यालय है जिसमें नो सौ छात्र/छात्राएँ का पठन-पाठन होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय सुपौल एवं मधुबनी जिला के सीमा पर स्थित है तथा उसके पास तीन एकड़ जमीन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्रों की संख्या एवं जमीन उपलब्धता को देखते हुये विद्यालय को उच्च विद्यालय कबतक बनाने का विचार रखती है ?

--------

कार्य से मुक्त करना

*2570. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ, सरमेरा, बिन्द एवं कतरीसराय प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को अन्यान्य प्रखंडों के कार्यों का अतिरिक्त प्रभार एवं जिलास्तरीय शिक्षा संबंधी अन्य कार्य दिये जाने के फलस्वरूप वे अपने-अपने प्रखंडों का सही रूप से कार्य नहीं कर पा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों के शिक्षा पदाधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार वाले प्रखंडों के प्रभार एवं जिलास्तरीय शिक्षा संबंधी अन्य कार्यों से मुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रभार दिलाना

*2571. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), सीतामढ़ी के ज्ञापांक 2744, दिनांक 22 अक्टूबर 2016 के द्वारा मो0 हैदर अली अंसारी को मध्य विद्यालय, मुजेलिया बाजार प्रखंड परिहार में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापित करने का आदेश निर्गत किया गया था, मो0 हैदर द्वारा उक्त विद्यालय में योगदान कर लिया गया है परन्तु उन्हें प्रधानाध्यापक का प्रभार अभीतक नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार मो0 हैदर अली अंसारी को प्रधानाध्यापक का प्रभार कबतक दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*2572. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंडान्तर्गत चन्द्रगढ़ पंचायत के प्राथमिक विद्यालय कझपा में सात माह पूर्व शिक्षक द्वारा त्याग पत्र देने के कारण विद्यालय में कोई शिक्षक नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में शिक्षक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है ?

--------

पर्यावरण को सुरक्षित करना

*2573. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर के सड़कों के किनारे लगे पुराने वृक्ष काफी संख्या में सूख गये हैं, कुछ रोड वाईडनिंग की वजह से काटे गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार पटना शहर में पर्यावरण को ध्यान में रखते हुये सड़कों के किनारे फलदार अथवा वुड वैल्यू वाले पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*2574. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में 900 (नौ सौ) से अधिक मध्य विद्यालय है (यथा मध्य विद्यालय, जदुआ, मध्य विद्यालय सहदुल्लापुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नवादा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रहिमापुर सहित अन्य) परन्तु एक भी मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जिला के सभी मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाना

*2575. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि माध्यमिक विद्यालयों में नियमित शिक्षक के पदस्थापित रहने पर संविदा आधारित नियोजित शिक्षक को प्रभारी प्रधानाध्यापक, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी नहीं बनाने का प्रावधान है, परन्तु मिथिला उच्च विद्यालय, बलौर, दरभंगा में नियमित शिक्षक रहते हुये संविदा आधारित नियुक्त शिक्षक को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में नियमित शिक्षक को ही प्रभारी प्रधानाध्यापक कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रिक्त पदों को भरना

*2576. श्री नितिन नवीन--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 15 मई, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''कॉलेजों में चाहिये 13,500 शिक्षक, हैं सिर्फ 6 हजार, कैसे होगी पढ़ाई कैसे आयेगी गुणवत्ता'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के कॉलेजों में शिक्षकों के आधे से अधिक पद रिक्त पड़े हैं जिससे बच्चों का पठन-पाठन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार ने अप्रील, 2017 में विश्वविद्यालय सेवा आयोग का गठन कर 6,500 शिक्षकों की नियुक्ति करने का फैसला लिया था, परन्तु अबतक नियुक्तियाँ नहीं हुई हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कॉलेजों में शिक्षकों के रिक्त पदों को कबतक भरने का विचार रखती है ?

--------

वर्ग कक्ष का निर्माण

*2577. श्री सुनील कुमार (28)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखण्ड स्थित पंचायत हरिछपरा एवं रसलपुर में क्रमश: राजकीय मध्य विद्यालय, लोहड़ी एवं मिरचईया टोल में वर्ग कक्षा 2 तथा 4 की संख्या में रहने से छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों में अतिरिक्त वर्ग कक्षा का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

इंजीनियरिंग कॉलेज खोलना

*2578. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में सात निश्चय के तहत एक इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का प्रस्ताव है जिसके लिये जिला पदाधिकारी द्वारा विभागीय मुख्यालय को कोचाधामन प्रखण्ड के पातकोई कला पंचायत के मौजा पाटकोई कला में बिहार सरकार की जमीन वर्ष 2016-17 में उपलब्ध करा दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भूमि उपलब्ध कराने के एक साल बाद भी इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किशनगंज जिला के पातकोई कला में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बालू निकासी की अनुमति देना

*2579. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी घाट से निजी भूमि से गंगा नदी का बालू निकालने पर रोक लगा दी गई है, जबकि गंगा नदी में गाद भर जाने के कारण नदी की जल संधारण क्षमता कम हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार भू-स्वामियों को अपने उपयोग के लिये गंगा नदी से बालू निकालने की छूट देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पढ़ाई शुरू कराना

*2580. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत 12 लाख जनसंख्या वाले शेरघाटी अनुमंडल में एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय श्री महंत शतानन्द गिरि कॉलेज अनुमंडलीय मुख्यालय में अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू करने की योजना 2 वर्ष से लंबित है, जिससे उक्त इलाके के छात्र/छात्राओं को गया आने के बाद ही स्नातकोत्तर की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार श्री महंथ शतानन्द गिरि कॉलेज, शेरघाटी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कबतक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

*2581. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढा विधान सभा अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ललिया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मुसापुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नदरा चौकी, में 10+2 में शिक्षक नहीं हैं, फलस्वरूप उक्त विद्यालयों में मिडिल स्कूल के शिक्षक +2 में पढ़ाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों में 10+2 के शिक्षक की पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुदान की राशि दिलाना

*2582. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा एवं परिहार प्रखण्ड में बिहार शताब्दी कुष्ठ कल्याण योजना अंतर्गत फरवरी, 2014 से दिसम्बर, 2017 तक प्रत्येक कुष्ठ रोगी को 70,500 रुपया मिलना था, परन्तु अभीतक मात्र 3,750 रुपया ही प्राप्त हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों के कुष्ठ रोगियों को अनुदान की बाकी राशि कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पोलिटेक्निक कॉलेज खोलना

*2583. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चकिया अनुमंडल की जनसंख्या 15 लाख से ज्यादा है, परन्तु तकनीकी रोजगार परक शिक्षण हेतु कोई पोलिटेक्निक कॉलेज नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला मुख्यालय, मोतिहारी में जिला का एक मात्र पोलिटेक्निक कॉलेज रहने के कारण चकिया अनुमंडल के गरीब मेधावी छात्र/छात्राओं को रोजगार परक तकनीकी शिक्षा प्राप्त नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार चकिया अनुमंडल में एक पोलिटेक्निक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रदूषण की जाँच करना

*2584. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत श्रीराम को० एलवेस्टर फैक्ट्री, बिहिया द्वारा प्रदुषित गैस निकलने के कारण फैक्ट्री के अगल-बगल के गाँवों में हवा एवं पानी प्रदूषित हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त फैक्ट्री से निकलने वाली प्रदूषण की जाँच कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि आवंटित करना

*2585. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार स्कूली छात्र/छात्राओं के लाभार्थ छात्रवृति, पोशाक एवं साइकिल सहित दस योजना चला रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के संचालन के लिये वर्तमान वित्तीय वर्ष में 20 करोड़ राशि का प्रावधान है, लेकिन अबतक मात्र 16 करोड़ राशि भुगतान हेतु आवंटित की गयी है, पूर्ण राशि नहीं पहुँचने से स्कूली छात्र/छात्रा अभीतक लाभ से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार छात्रों के उक्त योजनाओं का पूर्ण राशि कबतक आवंटित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2586. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड के पंचायत परड़िया के वार्ड नं० 6 में महादलित टोला के मंगनमा में नवसृजित विद्यालय के भवन निर्माण के लिये जमीन का प्रस्ताव वर्ष 2012-13 में निरोकेडिया द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग को दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि चार वर्ष बीत जाने के बाद भी विभाग के लापरवाही के कारण जमीनदाता के द्वारा जमीन की रजिस्ट्री नहीं होने के कारण नवसृजित विद्यालय का भवन निर्माण कार्य अधर में है एवं महादलित बच्चों के पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नवसृजित विद्यालय के जमीन का रजिस्ट्री कराने एवं विलंब के लिये दोषी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*2587. श्री ललित कुमार यादव--स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 4 फरवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''फतुहा में 3.30 लाख जमा कर काट ली गई करोड़ों की मिट्टी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि फतुहा में फोरलेन निर्माण कम्पनी बी०एस०सी०सी० एंड सी०जे०वी० द्वारा पर्यावरण संरक्षण को ताख पर रखकर 3.30 लाख जमा कर ढाई करोड़ की मिट्टी कटाव कर ली गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग से मात्र 15,000 घनमीटर मिट्टी कटाव की अनुज्ञप्ति थी, परन्तु उक्त कम्पनी द्वारा 11,87,798 घन मीटर मिट्टी का कटाव किया गया है, जिसकी कीमत ढाई करोड़ रुपया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस वित्तीय अनियमितता की जाँच कराकर दोषियों पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन का निर्माण

*2588. श्री विद्यासागर केशरी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखण्ड में पिछले वर्ष 2017 में आयी प्रलंयकारी बाढ़ ने फारबिसगंज कॉलेज, फारबिसगंज की चहारदीवारी सहित कॉलेज कैम्पस के कई भवन ध्वस्त हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज कैम्पस के चहारदीवारी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्वों एवं पशुओं का कैम्पस के अन्दर आना-जाना लगा रहता है, जिससे छात्र/छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कॉलेज कैम्पस की चहारदीवारी एवं ध्वस्त भवनों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जमीन देना

*2589. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के अधिसूचना सं० 5 /विविध -13/2005-2456, दिनांक 7 जुलाई, 2008 के अनुसार परम्परागत वन निवासियों का आवास एवं कृषि के लिये जमीन वन अधिकार के रूप में दिये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण के बगहा-2 प्रखण्ड में अवस्थित हरिहरपुर गाँव के लगभग 5,000 जन-जाति निवासियों को आवास एवं कृषि के लिये जमीन नहीं दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रावधान के तहत हरिहरपुर गाँव के जन-जाति को जमीन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*2590. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार शिक्षा परियोजना सर्व शिक्षा अभियान के तहत 2 लाख दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने हेतु सरकारी स्कूलों में 1200 संसाधन शिक्षक 2006 से कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त शिक्षकों को स्थायी करते हुये सामान्य शिक्षकों की तरह सुविधा कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुक्त करना

*2591. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखण्ड बंसतपुर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंसतपुर की भूमि की अवैध कब्जा कर दूकान एवं आवास बनायी गयी है, जबकि अवैध कब्जा वाली भूमि की जमाबंदी समाहर्ता द्वारा रद्द कर दी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय की भूमि को अवैध कब्जा से कबतक मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2592. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखंडान्तर्गत ग्राम पंचायत, पथरा उत्तर के नव-सृजित विद्यालय, बसियावही, तारटोल, सन्यासी टोल, रहीका-टोल सहित प्रखंड के अन्य पंचायत के नव-सृजित विद्यालयों में जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भूमि अनुपलब्ध होने का प्रतिवेदन समर्पित कर विद्यालयों को दूसरे विद्यालयों में जोड़ दिया है, जिससे बच्चों के पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भूमियुक्त विद्यालयों की भूमि पर भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं; तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*2593. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखंड के अमृतपुर पंचायत में स्थित राजकीयकृत उच्च विद्यालय, हुसेनाराघव में गणित एवं विज्ञान विषय के शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में समस्या हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में गणित एवं विज्ञान विषय के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य प्रारंभ कराना

*2594. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा के तारामंडल एवं विज्ञान पार्क के निर्माण के लिये वर्ष 2014 में ही मंत्रिमंडल से 162 करोड़ की राशि की वित्तीय स्वीकृति हुई थी, लेकिन अभीतक कार्य आरंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार विज्ञान पार्क एवं तारामंडल का कार्य कबतक प्रारंभ कराना चाहती है ?

--------

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*2595. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग के पुरातत्व निदेशालय द्वारा राज्य के पुरातात्विक अवशेषों के संरक्षण, अनुरक्षरण एवं उत्खनन का कार्य किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के तेलहाड़ा में अवस्थित पुरास्थल का उत्खनन वर्ष 2009-10 से वर्ष 2013-14 तक लगातार 5 वर्षों तक कराया गया परन्तु उसका प्रतिवेदन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को नहीं भेजा गया जिसके कारण वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में उत्खनन हेतु अनुज्ञप्ति भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के द्वारा नहीं दी गयी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उत्खनन का प्रतिवेदन नहीं भेजने के लिये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षण कार्य कराना

*2596. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 फरवरी, 2018 को प्रकाशित खबर ''तो ऐसे में कैसे पढ़ायेंगे सरकारी विद्यालयों के गुरू जी'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को शैक्षणिक कार्य के अलावे जनगणना, पशुगणना, चुनाव कार्य, बी०पी०एल० की गिनती, विद्यार्थियों का खाता खोलवाना, पेड़-पौधे की गिनती सहित ढाई दर्जन से अधिक गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षकों को अन्य कार्यों में लगाने से बच्चों के लिये अनिवार्य शिक्षा एवं शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गैर-शैक्षणिक कार्य को छोड़कर शिक्षकों से केवल शिक्षण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस चलाना

*2597. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड मुख्यालय से मोहनिया भाया कोचस होते पटना के बीच सरकारी बस सेवा नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस रामगढ़ से पटना भाया मोहनिया, कोचस होकर चलती थी, जिसे बंद कर दिया गया है, जिससे आम जनता को परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दुर्गावती से पटना भाया कोचस होते हुये चार बस कबतक चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2598. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 25 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''परीक्षा में वसूली पर स्कूल में हंगामा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड मुख्यालय में स्थित जनता उच्च विद्यालय में दसवीं के छात्रों का विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के प्रायोगिक परीक्षा में अंक देने के नाम पर प्रत्येक छात्रों से दो-दो सौ रुपये की अवैध वसूली की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा की अवैध वसूली पर छात्र/छात्राओं के विरोध करने पर शिक्षकों ने छात्रों को अंक नहीं देने अथवा परीक्षा में अनुपस्थित कराने की धमकी दी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के प्रायोगिक परीक्षा में अंक देने के नाम पर अवैध वसूल करने वाले प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बतलाना

*2599. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 22 जनवरी, 2016 को राज्य सरकार द्वारा आठ नये शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 के वार्षिक बजट में इसका उल्लेख किया गया था, लेकिन अभीतक ये शिक्षण संस्थान नहीं आरम्भ हुये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो स्वीकृति के 1 वर्ष बीतने के बाद भी इन शिक्षण संस्थानों के कार्यरत नहीं होने का क्या औचित्य है ?

बस का परिचालन

*2600. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कटिहार से वाया मनिहारी, अमदाबाद तक बिहार राज्य परिवहन विभाग की बस का परिचालन नहीं होने के कारण आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ पर बिहार राज्य परिवहन की बस चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि निर्गत करना

*2601. श्री रामदेव राय—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 31 अगस्त, 2010 को 3,776 एवं 711 कोटि के संस्कृत विद्यालयों को संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा जाँचोपरान्त 300 संस्कृत विद्यालयों को प्रस्वीकृति देते हुये 7 माह का वेतन भुगतान हेतु 10 करोड़ 70 लाख 23 हजार रुपये निर्गत किये गये;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त राशि अबतक उन प्रस्वीकृत विद्यालयों को नहीं दिया गया है, जबकि लोक शिकायत निवारण प्राधिकार द्वारा इस संबंध में आदेश दिया गया;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त 300 विद्यालयों के अलावे 621 अन्य संस्कृत विद्यालयों को भी मंत्रीपरिषद् में रखा जाना था जो अबतक नहीं हो पाया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त 621 अन्य विद्यालयों को लेते हुये 300 विद्यालयों के लिये निर्गत राशि चालू वित्तीय वर्ष से ही देने का विचार रखती है ?

------------

कार्रवाई करना

*2602. श्री अरूण कुमार (75)—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखण्ड सौरबाजार में राजकीय उच्च विद्यालय, सौरबाजार एवं गवार्नमेंट उच्च विद्यालय, सौरबाजार सहित कई उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विगत 3 वर्षों से न तो विद्यालय प्रबंधन समिति की गठन हुई न बैठक हुई है न तो प्राप्ति एवं खर्च किये गये सरकारी राशि का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच करवा कर दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

समायोजन करना

*2603. श्री आफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में 543 औपचारिक शिक्षक अनुदेशकों को चतुर्थ वर्ग श्रेणी में समायोजन हेतु रोस्टर क्लियरेंस होकर सामान्य प्रशासन विभाग से जिला को 4 माह पूर्व आ गया है, जिसमें सामान्य जाति के अभ्यर्थियों का समायोजन हो गया है, लेकिन 243 पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का समायोजन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के 243 अभ्यर्थियों को चतुर्थवर्गीय श्रेणी में कबतक समायोजन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## दर्जा दिलाना

*2604. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय, आनंदी साह का डेरा देमा के लिये अंचल कार्यालय, परसौनी के पत्रांक 51, दिनांक 3 मार्च, 2017 द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया है जिसमें मौजा, देमा, थाना नं० 285, खाता 1414, खेसरा 1484, रकबा 5 (पाँच) डीसमील भूमि जो महारानी स्थान के नाम पर बिहार सरकार की पंजी में दर्ज है, उसपर नये विद्यालय भवन निर्माण का अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय को उर्दू मध्य विद्यालय, देमा में विलयन कर दिया गया है, जिससे देमा के आम जनता में रोष है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक विद्यालय, आनन्दी साह का डेरा को मध्य विद्यालय का दर्जा देने एवं उर्दू मध्य विद्यालय, देमा के साथ विलयन से मुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## स्टेडियम का जीर्णोद्धार

*2605. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 में तत्कालीन मंत्री ने बेगूसराय जिला के सकरपुरा, बखरी में चम्पारण सत्याग्रह शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के दौरान गाँधी स्टेडियम, बेगूसराय के विस्तारीकरण सहित जीर्णोद्धार का आश्वासन दिया था, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्टेडियम का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## संग्रहालय खोलना

*2606. डॉ०सी०एन० गुप्ता--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के स्कूल के क्रीड़ा प्रांगण में संग्रहालय का निर्माण 3 करोड़ 59 लाख 66 हजार रुपये की लागत से किया गया है जिसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा 18 जनवरी, 2018 को किया गया है, लेकिन उक्त संग्रहालय को आजतक जनता के लिये खोला नहीं गया है, यदि हाँ, तो सरकार आम जनता के लिये संग्रहालय कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## स्टेडियम का निर्माण

*2607. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के बरेटा पंचायत में स्थित कलानंद उच्च विद्यालय में 4 एकड़ सरकारी जमीन है, जहाँ जिलास्तरीय खेल-कूद का आयोजन किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय की सरकारी जमीन स्टेडियम निर्माण हेतु सभी अर्हताएँ पूरी करती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कक्षा भवनों का निर्माण

*2608. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा प्रस्वीकृत लगभग 1,000 मदरसों में कक्षा भवनों की कमी के कारण शिक्षण कार्यों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने लगा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मदरसा के कक्षाओं को विद्यालय कक्षा की समकक्षता प्राप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रत्येक प्रस्वीकृत मदरसों में 5 कक्षा भवनों का निर्माण कार्य MSDP या अन्य किसी योजना से कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*2609. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-पठनपुरा एवं ग्राम-मझौर में मध्य विद्यालय अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों ग्रामों में उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्रों को पठन-पाठन हेतु 4 कि0मी0 की दूरी तयकर दूसरे स्थान पर जाना पड़ता है जिससे छात्रों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों के मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

*2610. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के 22 संग्रहालयों के लिये 275 पदाधिकारियों के सृजित पद के विरूद्ध मात्र 88 पदाधिकारी कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संग्रहालयों के शेष रिक्त पदों पर कबतक नियुक्ति का विचार रखती है ?

--------

विद्यालय निर्माण कराना

*2611. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड में नव-सृजित प्रा0 विद्यालय, बेराघाट की स्वीकृति सरकार द्वारा वर्ष 2008 में दिया गया था, परन्तु उक्त नव-सृजित प्रा0 विद्यालय, बेराघाट में स्थापित कर वहाँ से 3.50 कि0मी0 की दूरी पर प्रा0 विद्यालय, सुदौना में समायोजित (मर्ज) कर दिया गया है, जबकि नव-सृजित प्रा0 विद्यालय के लिये बेराघाट में बिहार सरकार की जमीन खाता सं0 356 एवं 357 उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नव-सृजित प्राथमिक विद्यालय को बेराघाट में पूर्व से स्वीकृत स्थान पर बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*2612. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड के कमतौल पंचायत अन्तर्गत जे0 एम0 उच्च विद्यालय में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2009 में दी गई थी परन्तु आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी स्टेडियम का निर्माण कार्य अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अधूरा स्टेडियम का निर्माण मानक के अनुसार नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अधूरे पड़े स्टेडियम का निर्माण के साथ-साथ दोषियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

हस्ताक्षर अंकित करना

*2613. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नौबतपुर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय, जफरा, भगवानपुर में जिला शिक्षा पदाधिकारी (स्थापना), पटना के पत्रांक 3624, दिनांक 2 मई, 2017 द्वारा प्रखंड शिक्षकों को उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर अंकित करने का निदेश देने के 15 महीना बीत जाने के उपरान्त भी विद्यालय के प्रभारी शिक्षक द्वारा शिक्षकों को समेकित उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर नहीं करने दिया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में नियोजित शिक्षकों को समेकित उपस्थिति पंजी पर कबतक हस्ताक्षर अंकित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बहाल करना

*2614. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदेश के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में उर्दू शिक्षक पदस्थापन हेतु वर्ष 2013 में 27,000 (सताइस हजार) पदों के लिये स्पेशल टी0 ई0 टी0 परीक्षा लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा उक्त परीक्षा का संशोधित अंतिम परिणाम में उर्दू के 16,882 परीक्षार्थियों को सफल घोषित किया गया है, जिसमें अबतक केवल 12,000 (बारह हजार) अभ्यर्थियों को ही नियोजन पत्र देकर बहाल किया गया है जबकि शेष अभ्यर्थी बेरोजगार हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सफल अभ्यर्थियों को शीघ्र बहाल करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*2615. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहाँ विधान सभान्तर्गत मणिका, विशुपुर, चाँद पंचायत में स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, मध्य उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सारी अर्हताएँ हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत या उसके आस-पास कोई भी कन्या उच्च विद्यालय नहीं है जिससे स्थनीय कन्याओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मध्य विद्यालय, मणिका, विशुनपुर को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक भवन का निर्माण

*2616. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखण्ड अंतर्गत मलाही पंचायत के ग्राम-मलाही 500 घरों की घनी आबादी वाला महादलित बस्ती है, परन्तु सामुदायिक भवन नहीं रहने के कारण उक्त बस्ती के लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में सामुदायिक भवन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*2617. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखंड के नव-सृजित विद्यालय, माड़र में मात्र एक शिक्षक प्रतिनियुक्त रहने के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

संवेदक पर कार्रवाई

*2618. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत कतरीसराय प्रखण्ड के ग्राम-कम्बल बिगहा में वित्तीय वर्ष 2010--12 में स्टेडियम का निर्माण किया गया है, परन्तु स्टेडियम में बच्चों को खेलने के लायक मैदान नहीं बनाये जाने से खेल मैदान की उपयोगिता नहीं रह गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निर्माण में लापरवाही बरतनेवाले पदाधिकारी एवं संवेदक पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पेड़ लगाना

*2619. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कुर्सेला प्रखण्ड के कुर्सेला से बरारी होते हुये बरंडी नदी के उत्तरी छोर पर छायादार पेड़ नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर छायादार पेड़ लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुक्त करना

*2620. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ताड़ी बेचने पर रोक लगाने से राज्य के ताड़ी के व्यवसाय करने वाले पासी जाति के लोग भूखमरी से जूझ रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार ताड़ी व्यवसाय को रोक से मुक्त करने पर विचार रखती है ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*2621. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखंड में सरकार के प्रावधान के अनुसार आउट डोर स्टेडियम नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बारून में हाइड्रो इलेक्ट्रिक कार्यालय के बगल में स्टेडियम बनाने हेतु प्रर्याप्त जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बारून में कबतक आउट डोर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बालू आवंटन करना

*2622. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गोरिया कोठी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत विद्यालय ऐक्षिक कोष से होने वाले निर्माण कार्य बालू के अभाव में बाधित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कोष से होने वाले निर्माण कार्य हेतु कबतक बालू आवंटित करने का विचार रखती है ?

---

कार्रवाई करना

*2623. श्री अरूण कुमार (75)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सहरसा नगर परिषद् के चालीस वार्डों के आँगनबाड़ी केन्द्रों में सेविकाओं एवं सी0डी0पी0ओ0 की मिलीभगत से एक वर्ष से लाभार्थियों के बीच पोषाहार का वितरण एवं कक्षाओं का संचालन नहीं किया जा रहा है, अपितु जाली उपयोगिता प्रमाण-पत्र के आधार पर बिलों का भुगतान सी0डी0पी0ओ0 द्वारा कर दिया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच करवाकर दोषी पदाधिकारियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बुनियादी केन्द्र खोलना

*2624. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत दिव्यांगों, वृद्धजनों एवं विधवाओं की सुविधा हेतु नौतन एवं बैरिया प्रखण्ड मुख्यालय में वित्तीय वर्ष 2017-18 में बुनियादी केन्द्र खोलने की योजना स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र के माध्यम से मोबाईल थेरेपी वैन (एम०टी०वी०) संचालित कर दिव्यांगों, वृद्धजनों एवं विधवाओं की काउंसेलिंग की व्यवस्था है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंड में बुनियादी केन्द्र कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2625. श्री संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दयानन्द विद्यालय, मीठापुर, पटना के विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा वर्ष 2000 में रसायन शास्त्र विषयक के सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नगत विद्यालय समिति द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में उक्त विषय हेतु चयनित प्रथम अभ्यर्थी श्री शरद कुमार की नियुक्ति का अनुमोदन बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विज्ञापन प्रकाशन के समय संबंधित विषय में रिक्त पद नहीं होने के कारण अस्वीकृत कर दी गयी ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिस विज्ञापन के आधार पर प्रथम अभ्यर्थी की नियुक्ति को अस्वीकृत किया गया उसी के आलोक में द्वितीय आवेदक श्री सम्पत मंडल की नियुक्ति की गयी ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नियुक्ति में की गयी अनियमितता में संलिप्त दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लाभ देना

*2626. डॉ० फराज फातमी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार के सात निश्चय के तहत कुशल युवा कार्यक्रम से प्रशिक्षित 12वीं पास युवाओं को उच्च शिक्षा के लिये स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड का लाभ नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण उक्त युवा उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रशिक्षित 12वीं युवा पास को स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड का लाभ कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

परीक्षा लेना

*2627. श्री सी०एन० गुप्ता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर 2015-17 एवं स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर 2014-16 की परीक्षा नहीं ली गयी है, जिसके कारण छात्र एवं छात्राओं के सत्र में विलंब हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा कबतक लेने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुनरीक्षित वेतन का लाभ देना

*2628. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कार्यरत नियोजित शिक्षकों को 1 अप्रैल, 2017 की तिथि से पुनरीक्षित वेतन देने हेतु शिक्षा विभाग के ज्ञापांक 1632, दिनांक 21 जून, 2017 के माध्यम से संकल्प जारी किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संकल्प जारी किये जाने के आठ माह बाद भी मुजफ्फरपुर सहित राज्य के अधिकांश जिलों में राज्य सरकार के संकल्प को लागू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त संकल्प को क्रियान्वित नहीं करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये सरकार नियोजित शिक्षकों को कबतक पुनरीक्षित वेतन का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वर्ग कक्ष का निर्माण

*2629. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के एस०एम० बालिका उच्च विद्यालय, श्री मारवाड़ी पाठशाला, बालिका इण्टर स्कूल का भवन जर्जर है एवं वर्ग कक्षों की भी कमी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों के जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार एवं 10 अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लाने का विचार रखना

*2630. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 5 मार्च, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''गया में रिमांड होम से बाल कैदी भागे'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत रामपुर थाना क्षेत्र स्थित रिमांड होम से पाँच बाल कैदी मुख्य द्वार का ताला खोलकर भाग गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाल कैदी को कबतक रिमांड होम में वापस लाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला कॉलेज खोलना

*2631. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकु सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा, अनुमंडल में महिला कॉलेज नहीं रहने के कारण महिलाओं को उच्च शिक्षा की डिग्री लेने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार बगहा अनुमंडल में महिला कॉलेज कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*2632. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखंड के दरौली दक्षिणी पंचायत में खेल मैदान है जहाँ युवा वर्ग भिन्न-भिन्न प्रकार के खेल का आयोजन वर्षों से करते चले आ रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत के खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

घोषित करना

*2633. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 के सेक्शन-2 (v) के अनुसार प्रिंसिपल और डीमोंस्ट्रेटर दोनों पद शिक्षक की श्रेणी के अंतर्गत हैं जबकि दिसम्बर, 2012 से डीमोंस्ट्रेटर एवं प्राचार्य को गैर-शिक्षक पद घोषित कर दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि मई, 2017 में प्राचार्य को पुनः शिक्षकीय पद घोषित कर दिया गया है परन्तु डेमोंस्ट्रेटर को छोड़ दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डीमोंस्ट्रेटर को भी प्राचार्य की भांति शिक्षकीय पद कबतक घोषित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावास का निर्माण

*2634. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड में अनुसूचित जाति का छात्रावास का निर्माण 3 वर्षों पूर्व शुरू किया गया है परन्तु 50 प्रतिशत कार्य कर 2 वर्षों से छोड़ गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छात्रावास का कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

एकेडमी का स्थापना

*2635. श्री श्याम रजक--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''शाद अजीमाबादी की शायरी को नयी पीढ़ी तक पहुँचायेगा निदेशालय'' के आलोक में क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि उर्दू के शायर शाद अजीमाबादी का जन्म पटना में हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि शाद अजीमाबादी की परपोती प्रो० शहनाज फातमी ने उनके नाम पर शाद एकेडमी खोले जाने की माँग की है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शाद एकेडमी की स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

छात्रावास का निर्माण

*2636. श्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा एवं फलका प्रखंड में छात्रावास के अभाव में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र एवं छात्राओं को 10+2 की शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों में एक-एक छात्रावास निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वरीय पदाधिकारी का पदस्थापन

*2637. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग के पुरातत्व निदेशालय द्वारा वर्ष 2014 में 13वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि से 12.50 करोड़ की राशि व्यय की गयी, जिसमें गलत ढंग से परामर्शी एजेंसी का चयन कर भुगतान किया गया. ;

(2) क्या यह बात सही है कि निदेशक, पुरातत्व, अतुल कुमार वर्मा के विरुद्ध निगरानी विभाग की जाँच चल रही है जिसका नम्बर एम०एस० 01/13 खनन पटना, निग-1466 ज्यें० था०, दिनांक 30 अगस्त, 2013 है ;

(3) क्या यह बात सही है कि निदेशक, पुरातत्व, वर्ष 2013 से बिना किसी समर्थ आदेश के कनीय पदाधिकारी होते हुये भी निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं जो प्रशासनिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त तथ्यों की उच्चस्तरीय जाँच कराकर अतुल कुमार वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये निदेशक, पुरातत्व के पद पर वरीय पदाधिकारी को पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों की पदस्थापना

*2638. डॉ० शमीम अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानों प्रखंड में 3 वर्ष पूर्व में उच्च विद्यालय, छौड़ादानों को उत्क्रमित कर 10+2 का दर्जा दिया गया है, परन्तु अभीतक पूर्व से पदस्थापित हाई स्कूल के शिक्षकों द्वारा ही शिक्षण का कार्य कराया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में 10+2 के शिक्षकों का पदस्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावास की मरम्मती

*2639. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार स्थित अंगीभूत दर्शन साह महाविद्यालय के परिसर में कल्याण छात्रावास एवं के०बी० झा महाविद्यालय के परिसर में पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग छात्रावास अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों छात्रावासों का भवन मरम्मती के अभाव में जर्जर हो गया है, जिससे छात्रावास में रहने वाले छात्रों को कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोनों छात्रावासों की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कमरों की कमी दूर करना

*2640. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बछवाड़ा प्रखंड के नारेपुर, उच्च विद्यालय, भगवानपुर प्रखंड के दहिया उच्च विद्यालय एवं मंसूर चक प्रखंड के दशरथपुर उच्च विद्यालय सहित तीनों प्रखंडों के अन्य उच्च विद्यालयों में कमरों की कमी के कारण सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को पढ़ाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार अगले वित्तीय वर्ष में उक्त कमरों की कमी दूर करने का विचार रखती है ?

---------

भवन का जीर्णोद्धार

*2641. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड अन्तर्गत श्रीनगर मुकहरा का विद्यालय भवन विगत 10 वर्षों से जीर्ण होने के कारण छात्र/छात्राओं की पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के जीर्णोद्धार हेतु प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग को प्रश्नकर्ता द्वारा पत्र के माध्यम से अप्रील, 2016, दिसम्बर, 2016 एवं अगस्त, 2017 में अनुरोध किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उर्दू विद्यालय की स्थापना

*2642. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के दुलमपुर पंचायत के फतेहपुर, नौवाडीह, पंचायत के सलैया एवं सोनों प्रखंड के माल बीथान, कुसैया आदि गाँवों में अल्पसंख्यक छात्र/ छात्राओं के पठन-पाठन हेतु उर्दू विद्यालय नहीं होने से अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर उर्दू विद्यालय की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*2443. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगियाँव प्रखंड अन्तर्गत ग्राम- पवना एवं नारायणपुर में खेल प्रमियों के लिये स्टेडियम नहीं है, जबकि उक्त दोनों गाँव में सरकारी भूखंड उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थानों पर स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बस सेवा प्रारंभ कराना

*2644. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान सभा में राज्य परिवहन निगम की सरकारी बस का परिचालन नहीं होने से आम जनता को प्राईवेट छोटी-छोटी गाड़ियों से दोगुना पैसा देकर भागलपुर के लिये यात्रा करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अमरपुर से भागलपुर के बीच सरकारी बस सेवा प्रारंभ कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उद्यान की स्थापना

*2645. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बाजपट्टी विधान सभा अन्तर्गत एक भी राजकीय उद्यान (पार्क) नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार बाजपट्टी प्रखंड के पंचायत मधुबन बसहा (प०) में उद्यान (पार्क) की स्थापना/निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है । बाजपट्टी विधान सभा अन्तर्गत पंचायत मधुबन बसहा (प०) में पार्क निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि पर्यावरण एवं वन विभाग के पक्ष में उपलब्ध होने के पश्चात् पार्क निर्माण किया जा सकता है ।

---------

विद्यालय भवन का निर्माण

*2646. डॉ० शमीम अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अन्तर्गत फुलवार दक्षिणी पंचायत के भरवाटोला में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय भवनहीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय हेतु भवन बनाने के लिये जमीन मठ से पूरब आवंटित किया गया है, परन्तु अभीतक भवन नहीं बनाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त आवंटित स्थान पर विद्यालय का भवन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2647. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि छपरा जिलान्तर्गत जय प्रकाश विश्वविद्यालय के जेड०ए० इस्लामिया महाविद्यालय, सीवान के शिक्षकों को वर्ष 1990-94 की तिथि से वरीय वेतनमान में पदोन्नति दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उच्च न्यायालय, पटना के सी०डब्ल्यू०जे०सी० 6837 ऑफ 2011 में दिनांक 18 जनवरी, 2016 को पारित आदेश में इन सभी शिक्षकों को वर्ष 1990 से सेवा में मानकर वरीयता का लाभ देने से इन्कार कर दिया गया था, जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उक्त आदेश के विरुद्ध जाकर पदोन्नति दी गई है एवं उक्त पदोन्नति के विषय पर निदेशक उच्च शिक्षा द्वारा दिनांक 14 नवम्बर, 2017 को प्रेषित पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय से स्पष्टीकरण की माँग की गई थी, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त शिक्षकों को वरीय वेतनमान में पदोन्नति देने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

प्रशिक्षित करना

*2648. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री शिक्षा, विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सरकारी एवं गैर-सरकारी अप्रशिक्षित शिक्षकों के लिये एन०आई०ओ०एस० के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है;

(2) क्या यह सही है कि राज्य में 28,000 टोला सेवक एवं तालिमी मरकज शिक्षक अभी अप्रशिक्षित हैं, उन्हें प्रशिक्षण में शामिल नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अप्रशिक्षित टोला सेवकों एवं तालिमी मरकज शिक्षकों को एन०आई०ओ०एस० के माध्यम से प्रशिक्षित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

रोक लगाना

*2649. श्री (मो०) तौसीफ आलम--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 मार्च, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''नहीं रूक रहा ओवर लोड वाहनों की आवागमन'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में मनमाने दाम पर ईंट की बिक्री एवं किशनगंज बहादुरगंज सड़क पर ईंट, बालू, गिट्टी से ओवर लोड वाहन चल रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिला में ओवरलोड ईंट, बालू, गिट्टी का परिचालन एवं मनमाने दाम पर ईंट की बिक्री पर कबतक रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

विद्यालय भवन का निर्माण

*2650. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधेपुर प्रखण्ड के गढ़गाँव एवं बसीपट्टी पंचायत के क्रमशः परियाही एवं सहलेसपुर ग्राम के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय भूमि आवंटित होने के बावजूद भवनविहिन हैं तथा कागज पर ही संचालित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त विद्यालयों का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## वर्ग कक्ष का निर्माण

*2651. श्री अखतरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर में अवस्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्री कृष्ण जितवारपुर एवं श्री संत कबीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरिशंकरी केवस निजामत, में +2 का वर्ग संचालित है, परन्तु वर्ग कक्ष का अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों में आवश्यकता के अनुरूप वर्ग कक्ष का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पुस्तकों का खरीद का औचित्य

*2652. श्री मुन्द्रिका प्रसाद राय--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 14 जून, 2017 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "छपी किताबें, खरीदी छपवाई भी और रख दी कबाड़ में" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पुरातत्व निदेशालय एवं संग्रहालय निदेशालय के अधीन हजारों पुस्तकों की छपाई एवं क्रय की गयी है, जिस पर विभाग द्वारा लगभग 20 लाख से ज्यादा की राशि व्यय की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग में पुस्तकों के वितरण एवं बिक्री की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पुस्तकें वृज बिहारी संग्रहालय एवं पटना संग्रहालय में डम्प कर रख दी गयी जिससे पुस्तकों का उपयोग नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो पुस्तकों की खरीद का क्या औचित्य है ?

-----------

## राशि वसूल करना

*2653. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नौबतपुर प्रखण्ड स्थित मध्य विद्यालय, जफरा भगवानपुर के 2007 से 2014 के बीच विद्यालय का सरकारी योजना की राशि एस०बी०आई० आरा, बैंक खाता सं० 11820188261 में जमा किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का भवन शौचालय एवं चहारदीवारी निर्माण कार्य अधूरा रहने के बावजूद प्राक्कलन की पूरी राशि प्रभारी शिक्षक द्वारा अवैध रूप से निकासी कर ली गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना, पटना के पत्रांक 4255, दिनांक 27 अप्रील, 2013 एवं पत्रांक 7536, दिनांक 20 जुलाई, 2013 के द्वारा प्रभारी शिक्षक को निलम्बन करने हेतु अनुशंसा के उपरान्त भी अभीतक प्रखंड विकास पदाधिकारी, नौबतपुर के द्वारा निलंबित नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रभारी शिक्षक को निलम्बित करते हुये अवैध रूप से निकासी की गई राशि वसूली कर कानूनी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बी०एड० कॉलेज खोलना

*2654. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिन्कू सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा अनुमंडल में बी०एड० कॉलेज नहीं है जिसके कारण अनुमंडल के विद्यार्थियों को बी०एड० की डिग्री लेने हेतु मुजफ्फरपुर जिला में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बगहा अनुमंडल में बी०एड० कॉलेज कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधाएँ/लाभ देना

*2655. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार माध्यमिक शिक्षा परिषद् में कार्यरत राजस्तरीय कर्मियों को प्रतिवर्ष सी०पी०आई० (Consumer Price Index) एवं (Performance Allowance) का लाभ दिया जा रहा है, जबकि जिलास्तरीय कर्मियों को उक्त लाभ से वंचित रखा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 से अबतक जिलास्तरीय कर्मियों के वेतन में वृद्धि नहीं की गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् में कार्यरत कर्मियों को मिलने वाली विभिन्न लाभ/सुविधाएँ यथा आवास भत्ता, परियोजना भत्ता, परिवहन भत्ता, चिकित्सा भत्ता से बिहार माध्यमिक शिक्षा परिषद् में कार्यरत कर्मियों को वंचित रखा गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार माध्यमिक शिक्षा परिषद् में कार्यरत जिलास्तरीय कर्मियों को उक्त सुविधाएँ/लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कॉमन रूम का निर्माण

*2656. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखण्ड के लखा इंटरस्तरीय विद्यालय, बरनी में कॉमन रूम नहीं रहने के कारण शिक्षकों एवं छात्र को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में कॉमन रूम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## नामांकन प्रारम्भ कराना

*2657. श्री श्याम रजक-क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि फुलवारी प्रखण्ड के गोंनपुरा पंचायत अन्तर्गत 10+2 विद्यालय का भवन बनकर तैयार है, परन्तु शिक्षक के अभाव में छात्रों का नामांकन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में कबतक शिक्षकों की पदस्थापन कर नामांकन प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## मानदेय बढ़ाना

*2658. श्री मुजाहिद आलम-क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के आँगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आँगनबाड़ी सेविकाओं को 3,750 रु० मानदेय एवं आँगनबाड़ी सहायिकाओं को 1,875 रु० मानदेय का भुगतान किया जा रहा है जो कि उनके कार्य के हिसाब से बहुत कम है, यदि हाँ, तो सरकार आँगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं का मानदेय कबतक बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## नियुक्ति करना

*2659. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा अनुदेशक के 36,000 पद वर्ष 2014 से रिक्त हैं, यदि हाँ, तो सरकार इन पदों पर कबतक नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना:
दिनांक 3 अप्रील, 2018 (ई०) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० (एल० ए०), 137-डी०टी०पी०-550